विधान परिषद के तृतीय सत्र,2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर,मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 11(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव के गंगाघाट पर डा0 भीमराव अम्बेडकर स्मारक स्थल पर संरक्षित भूमि पर मूर्ति न लगाकर सेल्फी प्वाइंट बनाया जा रहा है ? | जी नहीं। मुख्य मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान पी0डब्ल्यू0डी0 के तत्कालीन अधिकारियों द्वारा प्रतिमा को हटवाकर कोतवाली परिसर गंगाघाट में रख दिया गया था। प्रतिमा स्थल वर्तमान समय में भी सुरक्षित एवं रिक्त है। पूर्व में स्थापित प्रतिमा स्थल से भिन्न रिक्त स्थल पर चौराहे के सुन्दरीकरण का निर्माण कार्य प्रगति पर है। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या महापुरूषों की प्रतिमा लगाने हेतु संरक्षित भूमियों का उपयोग करना इस तरह के स्थल बनवाने हेतु सामाजिक समरसता का उल्लंघन है? | डा0 भीमराव अम्बेडकर की पूर्व स्थापित प्रतिमा स्थल वर्तमान में भी रिक्त/संरक्षित है। कोई अन्य उपंयोग नहीं हुआ है व सामाजिक समरसता का उल्लंघन भी नहीं किया गया है। |
| (ग) यदि हॉ तो, उक्त स्थल पर संविधान निर्माता डा0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगवा कर गैर सांस्कृतिक कृत्य को रूकवायेंगे? | उक्त स्थल पर मूर्ति के पुनर्स्थापन हेतु अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उन्नाव को अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गंगाघाट, उन्नाव द्वारा यथाशीघ्र पुनर्स्थापना के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार । |

ए. के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग ।